पाठ 1 वन्दना

प्रशन उत्तर

1) बालक किस की वंदना कर रहा है?

उत्तर बालक ईश्वर की प्रार्थना कर रहा है।

2) बालक को किस की कृपा की कामना है?

उत्तर बालक को ईश्वर की कृपा की कामना है।

3)बालक किनका सम्मान करना चाहता है?

उत्तर बालक बड़ों का सम्मान करना चाहता है।

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो____

क) बालक ईश्वर से क्या प्रार्थना कर रहा है?

उत्तर - बालक ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है कि हे प्रभु, हम सभी को एक समान करके हमारी झोली सुखों से भर दीजिए।

ख) बालक कौन कौन से काम करना चाहता है?

उत्तर -बालक भारत माता की सेवा और मानवता (दूसरों की भलाई) आदि काम करना चाहता है।

ग) कविता में किस के काम आने की बात कही गई है?

उत्तर- कविता में मानवता के काम आने की बात की गई है।

घ) क्या आप अपने गुरुजन और बड़ों का सम्मान करते हैं?

उत्तर- हां, मैं अपने गुरुजन और बड़ों का सम्मान करती/ करता हूं।

ड) कविता से आपको क्या संदेश मिलता है?

उत्तर- इस कविता से हमें यह संदेश मिलता है कि हमें ईश्वर से सद्गुणों द्वारा कर्तव्य और देश प्रेम के मार्ग पर चलना चाहिए।